# अपनी बात

अंक : 526 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 जनवरी, 2018


## सीसीएल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



"कायाकल्प पब्लिक स्कूल" में मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए

गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी के पावन अवसर पर महात्मा गाँधी क्रीडांगण, सीसीएल गाँधीनगर में अध्यक्ष, कोल इंडिया/सीसीएल, सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर बिहार आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत आकर्षक धुन बजायी तथा जेएसएसपीएस एवं स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अवसर विशेष पर शांति एवं प्रगति स्वरूप मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, नि.(वित्त) श्री डी.के. घोष, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रिमी घोष, निदेशक(का.) श्री आर.एस. महापात्र उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक(तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, निदेशक(यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम मिश्रा, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, डीआईजी सीआईएसएफ श्री एम. नन्दन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पदमजा, एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा शांति के प्रतीक स्वरूप तीन रंगों वाले गुब्बारे आकाश में उड़ाये गए। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी और कहा कि आज से 68 वर्ष पूर्व 26 जनवरी, 1950 को राष्ट्र ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा सिंचित संविधान को अपनाया और भारत एक गणतंत्र देश बना।

श्री सिंह ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने उर्जा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि अगस्त, 2017 में पनबिजली के उत्पादन में 12 %, न्यूक्लियर उर्जा में 36 % तथा उर्जा के अन्य श्रोतो से उत्पादन में 7 % की कमी आई इसके परिणामस्वरूप कोयला पर आधारित थर्मल पावर प्लांट्स से बिजली की मांग काफी बढ़ गई। एक बार फिर कोयला पर आधारित थर्मल पावर प्लांट्स इस चुनौती पर खरा उतरा और



गांधीनगर में मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह, अध्यक्ष, कोल इण्डिया उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

उर्जा उत्पादन में अप्रत्याशित 17 % की वृद्धि हुई। अगस्त में ताप बिजलीघरों में कोयले की आपूर्ति में 20 % तथा सितम्बर 2017 में 21 % की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई। कोल इंडिया द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी के कारण ही कोयले के आयात में कमी आई है और विगत वर्षों में 25900 करोड़ रूपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। श्री सिंह ने कहा कि अनुषंगी कंपनियों के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ग्राहको की समस्याओं के निराकरण आदि के लिए 24x7 मॉनीटरिंग एवं कंट्रोल सेल की स्थापना कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में की गई है। कोल इंडिया ने चरणबद्ध तरीके से 20 हजार मेगावाट सौर उर्जा संयंत्र लगाने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे सीसीएल के लाल, सीसीएल की लाडली, खेल एकेडमी, कायाकल्प पब्लिक स्कूल, आईटीआई, कौशल विकास केंद्र, दिव्यांग केंद्र आदि को क्रियान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकसित होने के लिए आवश्यक है कि लोगों को प्रर्याप्त बिजली सस्ते दर पर मिले। हमारे देश में तेल, गैस और नाभिकीय उर्जा श्रोतों की उपलब्धता सीमित है इसलिए कोयला परिवार की जिम्मेवारी बनती है कि सस्ते दर पर राष्ट्र की आवश्यकता के अनुरूप कोयले का उत्पादन करें ताकि देश के हर किसान, हर परिवार को सस्ते दर पर बिजली मिल सके।

अवसर विशेष पर श्री गोपाल सिंह ने कोल इंडिया मुख्यालय में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ऑडीटोरियम एवं कुमार मंगलम हॉल का ऑनलाईन उदघाटन किया। इस अवसर पर सीसीएल द्वारा मोराबादी में आयोजित समारोह में कौशल विकास पर केन्द्रित "झांकी" का प्रदर्शन भी किया गया। इस पावन अवसर पर श्री सिंह ने बुकरू, राँची स्थित "कायाकल्प पब्लिक स्कूल" में भी तिरंगा फहराया और अन्य विशिष्टगणों सहित बच्चों से मिले।

निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा केन्द्रीय अस्पताल, गाँधीनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रमिक नेता तथा गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री महापात्र सीएमएस सीसीएल डॉ. आर. आर. सिन्हा के साथ गाँधीनगर अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयों का वितरण किया तथा अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया।

## स्कूल समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए समर्पित – श्री गोपाल सिंह





कायाकल्प पब्लिक स्कूल का उद्घाटन करते अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री गोपाल सिंह, श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशकगण एवं अन्य



बच्चों के साथ मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह एवं स्कूल की प्रथम शिक्षिका श्रीमती प्रमिला सिंह एवं अन्य

विगत 15 जनवरी को अध्यक्ष, कोल इंडिया/सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने "कायाकल्प पब्लिक स्कूल" का उदघाटन कांके ब्लॉक के बुकरू ग्राम में किया। "कायाकल्प पब्लिक स्कूल" की शुरूआत 30 सबसे जरूरतमंद बच्चों के साथ कक्षा 01 में दाखिला कर की गयी और इसका विस्तार 12वीं कक्षा तक किया जायेगा। प्रथम दिन सभी बच्चों को पढ़ाने और उपस्थिति लेने के साथ ही अध्यक्ष, कोल इंडिया/सीएमडी श्री गोपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह स्कूल की प्रथम शिक्षिका भी बनी। इस स्कूल में सभी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान रखा गया है।

इस स्कूल में छात्रों को 9वीं कक्षा में प्रवेश के बाद आईटीआई, मेडिकल, इंजीनियिरिंग आदि की कोचिंग भी करायी जायेगी। इन बच्चों के लिए स्टेशनरी, किताबें, स्कूल बैग, मध्याह्न भोजन आदि की व्यवस्था सीसीएल द्वारा निःशुल्क किया गया है।

अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहला स्कूल है जहाँ बच्चों के नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्राथमिकता मिलेगी। गरीब परिवार के बच्चों को स्कूल में नामांकन का पहला अधिकार मिलेगा और नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। उन्होंने कहा कि ये बच्चे मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और नई उंचाईयों को छुएंगे। श्री सिंह ने कोल इंडिया के सेवानिवृत कर्मी, गृहणियों, समाज के सेवानिवृत शिक्षकगण एवं अन्य सभी से अपील की कि वे इन बच्चों को स्वेच्छा से पढ़ाना चाहते हैं तो हमें सूचित करें और इस मुहिम से अवश्य जुड़े और देश को शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। श्री सिंह ने बताया कि सीसीएल के चिकित्सक प्रतिमाह बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में भी उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## कौशल विकास सम्मेलन 2018 – मोमेंटम झारखंड में सीसीएल स्टॉल



सीसीएल स्टॉल का उद्घाटन करते माननीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास साथ में हैं नि. (का.) एवं अन्य अतिथिगण

श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय मंत्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और कौशल विकास एवं उद्यमिता, भारत सरकार ने विगत 12 जनवरी को होटवार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कौशल विकास सम्मेलन 2018 – मोमेंटम झारखंड, में सीसीएल के स्टॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास, निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र और गणमान्य उपस्थित थे।

श्री आर.एस. महापात्र ने माननीय केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास और अन्य गणमान्य अतिथियों को कंपनी द्वारा दर्शाये गए विभिन्न तकनीकी संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

स्टॉल में वृतचित्र फिल्मों और पैनल के माध्यम से कंपनी के कौशल विकास एवं रोजगार से संबंधित विभिन्न पहल तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई यहाँ, रोजगार चाहने वाले युवाओं तथा बड़ी संख्या में आमजन ने विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सीसीएल के स्टॉल को सराहा।

देश के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है और यह पूर्ण निष्ठा है क्योंकि इसमें कोई प्रतीक्षा नहीं कर सकता कि बदले में उसे क्या मिलता है – लाल बहादुर शास्त्री


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, उप-प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)